an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya and a Navodaya Vidyalaya in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर (बिहार) बापू की कर्मभूमि है जहां से गांधी जी ने सत्याग्रह के आंदोलन की शुरुआत की थी परंतु अति दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज स्वतंत्रता के 67 साल बाद भी यहां एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हम नहीं कर सके। हमारा संसदीय क्षेत्र नेपाल तथा उत्तर प्रदेश से लगता है जहां दलित तथा जनजातियों की जनसंख्या काफी मात्रा में है।

अत: संसद के माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर (बिहार) में एक केन्द्रीय विद्यालय तथा एक नवोदय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति अविलंब करने की कृपा प्रदान करें।